तदपि, बी० ई० एल० द्वारा प्रकाशित से अधिक दरों पर इन वाल्वों के बेचे जाने सम्बन्धी शिकायतें प्राप्त हुई हैं ।

(ग) चांदनी चौक दिल्ली के सर्वश्री यूनिवर्सल रेडियो नियुक्त किये गये वितरकों में से एक हैं । किसी विशेष समय में किसी विशेष किस्म का या किस्मों के वाल्वों की अप्राप्यता के कारण कभी कभार अक्षमता के अतिरिक्त, वह नियमित सप्लाई कर रहे हैं ।

(घ) बी० ई० एल० द्वारा वर्तमान वितरण व्यवस्था प्रायः पर्याप्त है ।

N.D.F. Collection in Bahraich

5668. Shri Ram Singh :
Shri P. H. Bheel :
Shri P. K. Deo :

Will the **Prime Minister** be pleased state :

(a) the total amount collected from Sirsia and Prayagpur Blocks of Bahraich District in U.P. for the National Defence Fund during the recent Indo-Pakistan conflict;

(b) whether the entire amount has been deposited by the local authorities in the National Defence Fund; and

(c) if not, why?

The Prime Minister and Minister of Atomic Energy (Shrimati Indira Gandhi) : (a) In connection with the recent Indo-Pakistan Conflict Rs. 11,631.22 and Rs. 20,421.31 were collected from Sirsia and Prayagpur blocks respectively of Bahraich District in U.P. for the National Defence Fund.

(b) The entire amount has been deposited in the State Bank of India, for credit to the National Defence Fund.

(c) The question does not arise.

नौसेना के कर्मचारियों के परिवारों को सुविधायें

5669. **श्री रा० स० तिवारी :** क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने नौसेना के उन कर्मचारियों के परिवारों को, जिन्होंने भारत-पाकिस्तान संघर्ष के परिणामस्वरूप अपने जीवन का बलिदान किया था, सुविधायें देने की कोई घोषणा की है ;

(ख) यदि हां, तो कितने कर्मचारियों के परिवारों को सुविधायें दी गई हैं ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) तीनों सेवाओं के, और इस लिए नौसेना के सेविवर्ग समेत, सभी सैनिक सेविवर्ग के लिए उदारतापूर्वक विशेष कुटुम्ब पेन्शन अवार्डों, और निर्योग्यता पेन्शन के लिए आदेश जारी कर दिए गए हैं ।

(ख) तथा (ग). प्रश्न नहीं उठते क्योंकि हाल के भारत पाकिस्तान युद्ध के दौरान नौसेना के कोई सेविवर्ग नहीं मारे गए थे ।

मेरठ जिले में स्थानीय समाचारपत्रों के लिए अखबारी कागज का अभ्यंश

5670. **श्री विश्राम प्रसाद :**
श्री हुकम चन्द कछवाय :
डा० लक्ष्मी मल्ल सिंघवी :
श्री बाजी :

क्या **सूचना और प्रसार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के स्थानीय समाचारपत्रों को अखबारी कागज का कोटा दिया जाता है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि ये समाचारपत्र 1000 से अधिक प्रतियां नहीं छापते हैं ;

(ग) क्या यह भी सच है कि "दैनिक मायाराष्ट्र" की केवल 800 के लगभग प्रतियां छपती हैं ;